प्रादेशिक समाचार
04.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य भर में रंगोत्सव की धूम, रंगों के त्यौहार होली को हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया।
2. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की विधि–व्यवस्था पर उठाये सवाल, कहा–सत्ता में बैठे लोग शराब दुकानदारों को कर रहे परेशान।
3. राज्य की जलवायु और मानसिक स्वास्थ्य पर अध्ययन करेगा बीआईटी मेसरा, मिला ढ़ाई करोड़ रुपये का शोध अनुदान।
4. राज्य में तेज हुआ गर्मी का अहसास, चाईबासा और डालटनगंज समेत कई जिलों का तापमान पैंतीस डिग्री के पार, सात और आठ मार्च को हल्की बारिश के आसार।

*****************

झारखंड समेत देशभर में आज होली का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। रंगों के इस पर्व पर विभिन्न स्थानों से उल्लासपूर्ण आयोजनों की खबरें मिली हैं। लोगों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर शुभकामनाएँ दीं और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। शाम होते ही अबीर और गुलाल खेले जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएँ दीं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को होली की बधाई देते हुए आपसी सद्भाव और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। होली, वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर विभिन्न शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इधर, पर्व को देखते हुए राज्य भर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। सभी जिलों में पुलिस की गश्त जारी रही। कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए पांच हजार से अधिक अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई है।

*****************

होली के अवसर पर आज लौहनगरी समेत राज्य के सभी शहरी और ग्रामीण इलाके भी रंगोत्सव के इस त्यौहार के जश्न में लोग सराबोर दिखे। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जमशेदपुर स्थित अपने आवास पर होली मनाई। इस दौरान उन्होंने अबीर गुलाल लगाकर सभी लोगों को रंगोत्सव की शुभकामनायें दी।

इधर, जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू ने होली पर सभी लोगों से आपसी प्रेम बढ़ाने की अपील की।

*****************

होली के मौके पर राज्य के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने एक–दूसरे को रंग और अबीर–गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। हजारीबाग के ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ होली मनाई गई। वहीं, राजधानी रांची में रंगों की बौछार और गीत–संगीत के बीच लोगों ने उत्सव मनाया। धनबाद में उपायुक्त आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने भी रंगोत्सव में भाग लिया। गढ़वा में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने होली साथ में मनाई। जामताड़ा में भी शांति और सौहार्द के साथ होली मनाई गई। सरायकेला–खरसावां जिले में ढोल–नगाड़ों और पारंपरिक गीतों के बीच सामूहिक होली

मिलन समारोह आयोजित हुए। बोकारो और लोहरदगा समेत अन्य जिलों में भी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होली उत्साह के साथ मनाई गई।

******************

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर राज्य की सुरक्षा–व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिये श्री मरांडी ने रांची के अनगड़ा स्थित एक शराब दुकान में बीती शाम गोलीबारी की घटना का वीडियो साझा करते हुए आरोप लगाया है कि सत्ता में बैठे लोग और असामाजिक तत्व शराब दुकानदारों को प्रताड़ित कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने विधि–व्यवस्था के मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरते हुए गोलीबारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने और शराब दुकानों पर सुरक्षा के उचित प्रबंध करने की मांग की है।

******************

रांची के मेसरा स्थित बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान को दो करोड़ 40 लाख रुपये का सरकारी वित्तपोषित शोध अनुदान प्राप्त हुआ है। यह अनुदान जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय स्थितियों और सामाजिक–आर्थिक कारकों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव के अध्ययन के लिए प्रदान किया गया है। परियोजना की प्रमुख अन्वेषक डॉक्टर शमामा अनवर ने बताया कि शोध में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और भू–स्थानिक विज्ञान की सहायता से ऐसे पूर्वानुमान मॉडल विकसित किए जाएंगे, जो जलवायु प्रभाव से जुड़े संभावित मानसिक तनाव क्षेत्रों की पहचान करने में सहायक होंगे।

******************

विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक टेलीफोन के जरिए इस नियंत्रण कक्ष से सम्पर्क किया जा सकता है। नम्बर हैं– 18 00 11 87 97 या 011–2301 2113, 011–2301 4104 तथा 011–2301 7905 इसके अलावा संघर्ष के क्षेत्र में भारतीय दूतावासों ने सुरक्षा उपायों और वहां से लोगों के निकलने के संभावित उपायों में मदद के लिए चौबीसों घंटे आपात हेल्पलाइन भी शुरू की है।

******************

लोहरदगा जिले में छह से सात मार्च तक जिला प्रशासन की ओर से साहित्य एवं फिल्म महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर समाहरणालय मैदान में फिल्मों का प्रदर्शन, चर्चित लेखकों की भागीदारी, जनजातीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं और विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे। दो दिवसीय महोत्सव के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जहां सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी।

******************

रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में एक वृद्ध महिला की हत्या और गहनों की चोरी मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

******************

जमशेदपुर स्थित टाटा मेन अस्पताल के मुख्य गेट के बाहर नौ फुटपाथ दुकानों में बीती रात आग लग जाने से हजारों रुपये का सामान जल कर नष्ट हो गया। इस आगजनी में मुख्य रूप से चाय, फल, नाश्ते के ठेले और गुमटियां पूरी तरह जलकर राख हो गईं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

******************

राज्य में अब धीरे–धीरे गर्मी तेज होने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार, चाईबासा में अधिकतम तापमान छत्तीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है, जो राज्य में सबसे अधिक रहा। पिछले चौबीस घंटे के दौरान जमशेदपुर, डालटनगंज और सरायकेला–खरसावां में अधिकतम तापमान करीब पैंतीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केन्द्र ने दो दिनों के बाद तापमान में और तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने की संभावना जताई है। वहीं, सात और आठ मार्च को राज्य के दक्षिण पूर्वी और पूर्वी भागों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

******************

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में आज दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड की टीमें आमने–सामने हैं। यह मैच कोलकाता के ईडन गर्डन्स में खेला जा रहा है। दूसरे सेमीफाइनल में कल भारत का सामना मुंबई में इंग्लैंड से होगा। दोनों मैचों के विजेता 8 मार्च को अहमदाबाद में खिताबी मुकाबला खेलेंगे।

********समाप्त*********